# बिजली वृध्दि के विरोध में उमड़ा जनसैलाब

## राजेश मूणत की अगुवाई में भाजयुमो ने किया बिजली दफ्तर का घेराव

- पुलिस की घेराबंदी हुई विफल, बिजली दफ्तर में दाखिल हुए कार्यकर्ता
- उद्योगपतियों का बिजली बिल माफ़ कर रही है भूपेश सरकार, गरीब के बिल में वृद्धि



**रायपुर।** भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री राजेश मूणत की अगुवाई में मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर तले रायपुर के गुढ़ियारी स्थित बिजली दफ्तर का घेराव किया। बिजली बिल वृद्धि के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दोपहर एक बजे बिजली दफ्तर का घेराव कार्यक्रम शुरू किया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं की बीच झड़प देखने मिली। भारतीय जनता युवा मोर्चा के इस प्रदर्शन के दौरान युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत समेत पार्टी के कई पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमें पूर्व विधायम नंदकुमार साहू, वरिष्ठ नेता मोतीलाल साहू, प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ,युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और प्रवक्ता अमित साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, लक्ष्मी वर्मा समेत कई वरिष्ठ नेताओं थे।

### नहीं काम आ सकी पुलिस की घेराबंदी

पूर्व मंत्री राजेश मूणत की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुलिस की घेराबंदी के बावजूद बिजली दफ्तर का घेराव करने सफलता पा ली। मौके पर मौजूद पुलिस फोर्स कार्यकर्ताओं को रोक नहीं सकी और घेराबंदी के लिए लगाए गए बैरिकेड को पार करते हुए कार्यकर्ता बिजली दफ्तर के भीतर दाखिल हो गए और अपनी आवाज़ बुलंद की।

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि जनता में भूपेश बघेल सरकार ने जनता के साथ वादाखिलाफी की है। जनघोषणा में वादे के मुताबिक बिजली बिल हाफ नहीं किया है ,बल्कि बिजली बिल में चार गुना की वृद्धि कर दी है ,जिसके कारण जनता में आक्रोश है। मूणत ने कहा कि मैंने अगर मैंने रायपुर पश्चिम क्षेत्र में काम किया है,तो जनता का आशीर्वाद जरूर मिलेगा। मूणत ने बिजली दफ्तर घेराव से पहले आयोजित सभा क दौरान कहा कि एक रिक्शा चालक ने उन्हें बताया है की उसके घर में 5000 बिजली का बिल आया है। उन्होंने कहा कि आदर्श नगर में जनसम्पर्क के दौरान महिलाओं ने उन्हें बताया है कि 7 से 12 हज़ार रुपये तक का बिल आ रहा है,इसका भुगतान गरीब परिवार नहीं कर सकता है। मूणत ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपने बजट में उद्योगपतियों के बिजली का बिल माफ़ कर रही है और उन्हें 37 करोड़ रुपये की सब्सिडी दे रही है।

### बिगड़ती कानून व्यवस्था और कसा तंज

मूणत ने कहा कि कोरोनाकाल में गरीब परिवार परेशान थे, केंद्र सरकार ने 5 किलो प्रति व्यक्ति चावल मुफ्त में दिया,लेकिन छत्तीसगढ़ की झूठी सरकार ने चावल गरीबो को देने के स्थान पर उसे खुद खा गई। मूणत ने कहा कि हम बिजली बिल का विरोध करने निकले हैं,तो पूरे इलाके में घेराबंदी कर दी है। अगर पुलिस अपराध पर लगाम कसने में सफल होती,तो हम उनका स्वागत करते,लेकिन अभी हालत ऐसी है कि पुलिस किसी को पकड़ती है,तो कांग्रेस के नेता उसे थाने से छुड़वा लेते हैं।

### मूणत ने दिया कांग्रेस पीछा छोड़ो का नारा

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कांग्रेस पार्टी की तरफ से निकाली जाने वाली हाथ जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस एक यात्रा निकालने वाली है,जिसका नाम हाथ जोड़ो यात्रा है,लेकिन जनता कांग्रेस से कह रही है कि पीछा छोडो ,जाओ घर । उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस के झूठ से त्रस्त हो चुकी है और 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जनादेश देगी।

### साइंस कॉलेज में चौपाटी का विरोध करेगी भाजपा

मूणत ने कांग्रेस सरकार और नगर निगम प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह गरीब ठेले वालों से उनका रोजगार छीनने का षड़यत्र रच रही है। उन्होंने खुलासा किया कि नगर साइंस कॉलेज मैदान के पास ठेले वालो को हटाकर चौपाटी बनाने की योजना बनाई गई है,जिसका भारतीय जनता पार्टी विरोध करेगी। मूणत ने ऐलान किया कि वह कल बुधवार को दोपहर 2 बजे चौपाटी के लिए प्रस्तावित स्थान पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर धरना देने के साथ चक्काजाम करेंगे। उन्होंने जनता से भी इस विरोध प्रदर्शन में इकठ्ठा होकर अपना विरोध दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 27 दिसंबर को पीएम आवास योजना के तहत गरीबो का मकान छीनने के विरोध में और गरीब परिवारों को पट्टा देने की मांग लेकर नगर निगम का घेराव करेगी।

### प्रदर्शन में शामिल हुए कई भाजपा पदाधिकारी

नंदकुमार साहू पूर्व विधायक, ज्ञान चंद चौधरी, सुनील चौधरी, मोतीलाल साहू, संजय श्रीवास्तव, रवि भगत प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा राजीव अग्रवाल, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, सीमा संतोष साहू, कमली देवानंद, विनोद अग्रवाल, राजेंद्र कोदावत, श्रीमती गोदावरी गज्जू साहू, राजेश पांडे, राजेश ठाकुर, दीपक जयसवाल, आशु चंद्रवंशी, हरीश ठाकुर, अमरजीत छाबड़ा, सुभाष तिवारी, मृत्युंजय दुबे, मनोज वर्मा, अशोक पाण्डेय, ओंकार बैस, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, बजरंग खंडेलवाल, नवीन शर्मा, पुरषोत्तम देवांगन, गोवर्धन खंडेलवाल, सत्यम दुवा, आशु चंद्रवंशी, गोपी साहू, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री,अमित मैसेरी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, गोविंदा गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बी श्रीनिवास राव, भुपेन्द्र ठाकुर जी, प्रितम ठाकुर, अनिल सोनकर, मंडल महामंत्री, संजय सिंह, राजीव श्रीवास, विकास सेठिया, संतोष साहू, दिनेश शर्मा, नवीन सिंह,पुरषोत्तम मोहले, गजानंद साहू, युवा मोर्चा प्रभारी,अश्वनी विश्वकर्मा, प्रणय साहू, ऋतुराज शर्मा, वासु ठाकुर, विशाल पाण्डेय, शंकर साहू, आशीष त्रिपाठी युवा मोर्चा अध्यक्ष,शुभांकर द्विवेदी,विनय जैन, चंद्रप्रकाश शर्मा, सुरेन्द्र साहू, राजेश ठाकुर सुनील चंद्राकर भोलाराम साहू कामिनी देवांग , गोदावरी साहू ,विनोद अग्रवाल रजियंत ध्रुव, कमलेश बसंत वर्मा , दीपक जायसवाल, हेमेंद्र साहू , शमसुन निशा , शकुन ठाकुर, अनिता पंडित, सुमन सिंह, बजरंग निषाद, नारद कौशल, मृत्युंजय दुबे, मनोज वर्मा , श्रीमती मीनल चौबे, रमेश ठाकुर,जयंती पटेल, संजू नारायण सिंह, तुषार चोपड़ा आदि।

## बिजली को लेकर भाजपाई घड़ियाली आंसू बहा रहे - कांग्रेस



**रायपुर।** बिजली बिल को लेकर भाजपा के आंदोलन को कांग्रेस ने भाजपा की नई नौटंकी बताया हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बिजली को लेकर भाजपाई घड़ियाली आंसू बहा रहे है। अपने राजनैतिक वजूद को बचाने आंदोलन की नौटंकी कर रही है। छत्तीसगढ़ में आज भी देश की सबसे सस्ती बिजली बिल मिलती है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश का एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां 400 यूनिट तक बिजली का दाम आधा लगता है। देश भर के भाजपा शासित राज्यों यूपी, एमपी जैसे राज्यो में तो जनता को बमुश्किल 15 घंटे बिजली मिलती है। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद भूपेश सरकार में 2 बार बिजली के दामों में कटौती की गयी है। राज्य में घरेलू बिजली के दामों के साथ उद्योगो की भी बिजली के दामों बढ़ोत्तरी मात्र कुछ पैसो की तब की गयी थी जब मोदी सरकार ने विद्युत निर्माण कंपनी को महंगा, विदेशी कोयला उपयोग का फर्मान जारी किया।

रमन सरकार ने 15 साल में 14 बार बिजली के दाम बढ़ाया था। जिसमें 5 बार तो वी.सी.ए के नाम पर बिजली के दाम बढाये गये थे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार केन्द्र सरकार की तमाम अवरोधों के बावजूद अपने राज्य के उपभोक्ताओं को सस्ते दर में बिजली देने को प्रतिब्द्ध है। कांग्रेस सरकार 400 यूनिट तक की बिजली का दाम आधा ही लेती है। 44 लाख उपभोक्तओं को 400 यूनिट तक बिजली आधे दाम में मिल रही है। देश की अकेली राज्य सरकार भूपेश सरकार है जो 400 यूनिट तक बिजली आधे दाम में दे रही है। इस मामूली बढ़ोत्तरी के बावजूद देश में सबसे सस्ती बिजली छत्तीसगढ़ में है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केन्द्र सरकार ने फरमान जारी किया है कि देश के सभी विद्युत कंपनी को 10 फीसदी अयातित कोयला उपयोग करना होगा। जो हमारे राज्य की कोयले की कीमत से अयातित कोयला की कीमत लगभग 4 से 6 गुना ज्यादा है। छत्तीसगढ़ में विद्युत कंपनी के साथ देश भर में बिजली उत्पादन लागत बढ़ गयी। इससे बिजली के दामों में 30 पैसे की मामूली बढ़ोत्तरी करनी पड़ी। इसमें भी उपभोक्ता के ऊपर मात्र 15 पैसे का ही भार आयेगा शेष 15 पैसे राज्य सरकार वहन करेगी। यह बढ़ोत्तरी मोदी सरकार की अकर्मण्यता तथा मोदी के अडानी प्रेम के कारण हुयी है।

## बाबूभैया की कलम से

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन फिर मुरली बजाएंगे या ...?

हिमांचल प्रदेश के चुनाव निपटने के पहले एक चर्चा हमारे प्रदेश में चली थी कि क्या मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए जाएंगे या रहेंगें ? इसी बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हिमांचल प्रदेश में चुनाव ऑब्ज़र्वर के रूप में नियुक्त कर दिया गया वे वहां व्यस्त हो गए। छतीसगढ़ के इस भावी परिवर्तन की चर्चा लगभग बंद सी हो गई। संगठन में बदलाव का इंतजार कर रहे लोगों ने समझ लिया कि हिमांचल प्रदेश के परिणाम आने के बाद ही अब कुछ संभव है। जैसे ही हिमांचल के परिणाम आये और वहां कांग्रेस की सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ वैसे ही चर्चा चल पड़ी कि अब प्रदेश संगठन में बदलाव हो सकता है। हिमांचल में भूपेश बघेल के छतीसगढ़ मॉडल के प्रचार ने जादू कर दिया। राजनीति में कद व पद का बड़ा महत्व माना जाता है। पद तो पहले से ही बड़ा है ही, भूपेश बघेल को हिमांचल के चुनाव की सफलता ने और वहां मुख्यमंत्री के चयन करवाने में उनकी भूमि का के चलते उनका राष्ट्रीय नेतृत्व की नजर में कद भी और बढ़ गया है, यह मानने वालों की बड़ी संख्या है। छतीसगढ़ में जीत के बाद 2018 में कौन बनेगा मुख्यमंत्री की कवायद में बाजी मारने वाले भूपेश बघेल ने फिर कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। प्रदेश के बड़े बड़े दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए वे काफी आगे बढ़ गए। अनेक उतार चढ़ाव देखते हुए वे आज राष्ट व राज्य में अच्छी प्रतिष्ठा पा चुके हैं। आज की स्थिति में छतीसगढ़ का कोई भी निर्णय भूपेश बघेल को छोड़ कर करने की बात असंभव सी लगने लगी है। हर मायनों व प्रत्येक फ्रेम में कांग्रेस हाई कमान की नजर में भूपेश बघेल ने अपना अग्रणी स्थान बना लिया है। अब उन्हें पहले की तरह हाई कमान के पास तक पहुंचने के लिए किसी बिचौलिए या माध्यम की कोई जरूरत नहीं रहती है। वे जो बात हाई कमान तक पहुंचना चाहते हैं। जिस भाषा व मायनों में पहुंचना चाहते हैं, स्वयं पहुंचा सकते हैं। इस बदली राजनैतिक परिस्थितियों में प्रदेश का निर्णय एकतरफा हाई कमान कर ले, यह लगता नहीं है। यह भी सच है कि इन दिनों में मोहन मरकाम ने भी हाई कमान से अपनी नजदीकियां कायम की हैं। जिस तरह भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने उनको महत्व दिया वह भी बड़ा महत्वपूर्ण है। प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी समाज से हैं। उन्हें हटाया गया तो आदिवासी समाज का सदस्य ही अध्यक्ष बनेगा यह राजनैतिक विश्लेषकों की राय है। मरकाम ने प्रदेश अध्यक्ष रहते बहुत काम किया है। खास कर बस्तर क्षेत्र में माहौल बनाने का काम किया है, मेहनत की है। यह माना जा रहा है कि इन बातों को भी प्रदेश अध्यक्ष का चयन करते समय विचार में रखना होगा। एक बात और कि दोनों दलों की प्रारम्भिक चुनावी कवायद देख कर यह लगभग दिखाई देने लगा है कि आने वाले चुनाव में ओबीसी व आदिवासी वर्ग पर दलों का मुख्य लक्ष्य केंद्रित होगा। भाजपा ने दो बड़े पदों पर प्रदेश में संबसे अधिक जनसंख्या होने के आधार पर ओबीसी कार्ड खेला है। दोनों पदों पर अरुण साव व नारायण चन्देल के रूप में ओबीसी नेताओं को तवज्जो दी है। दोनों ने मेहनत भी करना शुरू कर दिया है। अब कांग्रेस में उम्मीद की जा रही है कि संगठन में बदलाव होगा। यह भी साफ दिखाई दे रहा है कि किसी भी नियुक्ति के निर्णय में अबकी बार भूपेश बघेल की मर्जी का सबसे बड़ा रोल रहेगा। हाई कमान भी चुनावी वर्ष के पूर्व कोई जोखिम नहीं उठाना चाहेगी। दोनों ही बातें अपनी अपनी जगह प्रभाव डालेंगी। देखने वाली बात होगी कि मोहन मरकाम ही रिपीट होते है या भूपेश बघेल की पसंद का कोई नेता इस पद पर काबिज होगा। चुनावी टिकट वितरण के दौर में प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके मद्दे नजर मुख्य मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष का तालमेल बहुत महत्वपूर्ण तथ्य होता है। मुख्यमंत्री कभी नहीं चाहेंगे कि प्रदेश अध्यक्ष ऐसा हो जिसके बीच तालमेल का हो।

छत्तीसगढ़/राजधानी
प्रमुख समाचार

### लापता परिवार की मिली लाश, हादसा है या हत्या - देवलाल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कोंडागांव - कांकेर के बीच चार दिन से लापता परिवार की लाश एक कुएं में बरामद होने पर आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि गहराई से जांच की जरूरत है कि यह हत्या का मामला है या हादसा है? छत्तीसगढ़ में आये दिन ऐसी वारदात सामने आ रही हैं कि पूरे परिवार की हत्या हो रही है, दोहरे तिहरे हत्याकांड हो रहे हैं। लोग लापता हो रहे हैं और फिर उनकी लाशें बरामद हो रही हैं। एक परिवार का लापता होना और चार दिन बाद कुएं में लाश मिलना कई संदेहों को जन्म दे रहा है। कांग्रेस के राज में अपराध गढ़ बन चुके छत्तीसगढ़ में कुछ भी वारदात संभव है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि एक नायब तहसीलदार राह चलते कार सहित लापता होने की सूचना के बावजूद पुलिस उसकी तलाश में मुस्तैदी नहीं दिखा पाती। ऐसे गंभीर मामलों की शिकायत मिलने पर पुलिस को फोन सक्रिय होना चाहिए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राजधानी से लेकर हर जगह लोग लापता हो रहे हैं, अपहरण हो रहा है, उनकी लाश मिल रही हैं। अभी हाल में ही विधानसभा थाना क्षेत्र के सड्डू की बीएसयूपी कॉलोनी से घर के बाहर खेल रही बच्ची का अपहरण हो गया। इसके पहले एक युवक लापता हुआ। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई। लेकिन पुलिस निष्क्रिय रही। आखिरकार उसकी लाश मिली। एक बैंककर्मी युवती नया रायपुर घूमने जबरन ले जाई गई और उसकी लाश ही वापस आई।

### चीन के दुस्साहस पर ढुलमुल रवैया छोड़े मोदी सरकार-कांग्रेस



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार के डरपोक रवैये के कारण चीन ने दूसरी बार तवांग में भारतीय सीमा का उल्लंघन करने का प्रयास किया है। मोदी सरकार के अनिर्णय वाले रवैये का खामियाजा हमारे देश के जवान भुगत रहे हैं। पिछली बार 2020 में गलवान में इसी प्रकार की घटना के दौरान भारतीय सेना के एक कर्नल समेत 20 जवान शहीद हो गए थे। उस घटना के बाद चीन के खिलाफ कोई कड़ा रुख नहीं अपनाए जाने के कारण आज उसी प्रकार के घटना की पुनरावृत्ति अरुणाचल प्रदेश के तवांग में हुई है जिसमें 20 जवान घायल हो गए हैं। चीन को लाल आंखें दिखाने की बात करने वाले आज चीन के दुस्साहस पर नजरें चुराते नजर आ रहे हैं। बड़े आश्चर्य की बात है कि हर मामले में बढ़ चढ़कर बयान देने वाले नरेंद्र मोदी चीन के मामले में न केवल चुप्पी साध लेते हैं बल्कि उसे झूठलाने का भी प्रयास करते हैं। जब रक्षा मंत्री और आर्मी चीफ स्वीकार कर रहे थे कि भारत की जमीन पर चीन ने कब्जा किया है। तब मोदी ने कहा था कि न कोई अंदर घुसा है, न कोई है। चीन, श्रीलंका में बंदरगाह ले लेता है और सरकार चुप रहती है, मालदीव में द्वीप ले लेता है और सरकार चुप रहती है, चीन ग्वादर पोर्ट को हथिया लेता है और सरकार चुप रहती है।

### मोदी सरकार छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों के भविष्य के खिलाफ - कांग्रेस

**रायपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ कर्मचारियों के जमा 17240 करोड़ रू. राज्य को वापस नहीं किया जाना छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों के साथ अन्याय है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य सराकर ने कर्मचारियों के भविष्य और बुढ़ापे को सुरक्षित रखने ओल्ड पेंशन योजना शुरू किया था। मोदी सरकार उसमें भी अड़गा लगा रही है। मोदी सरकार संघीय ढांचे के खिलाफ भूपेश सरकार के हर जनकल्याणकारी काम में रोड़ा अटकाती आयी है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पुरानी पेंशन योजना को पुन: लागू किया गया था लेकिन इस योजना को असफल करने के लिए मोदी सरकार 17240 करोड रुपए जोकि राज्य के कर्मचारियों की मेहनत का पैसा है और नई पेंशन योजना के तहत पैशन फण्ड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी में जमा की गई थी उसे लौटाने को तैयार नहीं हो रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार पहले ही राज्य के हक के विभिन्न मदों के पैसों पर कुंडली जमाकर बैठी है। राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस संबंध में पत्र भी लिखा जा चुका है मगर लगातार पत्र व्यवहार और चर्चा के बावजूद मोदी सरकार अपने तानाशाही रवैये पर अडिग है।

### फूलोदेवी नेताम ने संसद में किसानों के कर्जे और न्यूनतम समर्थन मूल्य का मामला उठाया



**रायपुर।** राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने संसद में विशेष-उल्लेख नियम के माध्यम से किसानों के कर्जे और न्यूनतम समर्थन मूल्य का मामला उठाया। राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि आज खेती करना मुनाफे का सौदा नहीं रहा है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं, खाद-बीज की कीमत बढ़ रही है, बिजली के दाम कम नहीं हो रहे हैं। देश का किसान कर्ज लेकर खेती कर रहा है जिसे वह चुकाने में असमर्थ है। खेती में बढ़ रही लागत और फसलों का लाभकारी मूल्य नहीं मिलने के कारण 80 प्रतिशत से अधिक किसान भारी कर्ज में है। जगह-जगह किसान आत्महत्या कर रहे हैं, सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने यह भी कहा कि किसान कर्ज से तभी निकल पाएगा जब स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर सभी फसलों के लिए सी 2+50 प्रतिशत के फार्मूले से एमएसपी की गारंटी का कानून बनाया जाए। राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने सरकार से मांग की है कि देश के सभी किसानों के सभी प्रकार के कर्ज माफ किए जायें और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर एमएसपी देने के लिए एमएसपी की गारंटी का कानून बनाया जाए।

### कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई राजा पटेरिया के बयान की कड़ी निंदा की



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से प्रधानमंत्री पद की गरिमा का मान सम्मान का ध्यान रखती है राजा पटेरिया ने प्रधानमंत्री के खिलाफ जो बयान दिया उसकी कांग्रेस ने कड़ी निंदा की कांग्रेस का स्पष्ट मानना है प्रधानमंत्री ही नहीं किसी भी व्यक्ति के खिलाफ इस प्रकार से अमर्यादित टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि लेकिन भाजपा का नैतिक पतन हो चुका है इसलिए भाजपा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ अमर्यादित अशोभनीय टिप्पणी करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की ना ही खेद प्रकट किया है और बल्कि भाजपा की परिपाटी बन गई है देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना और भाजपा की राजनीतिक रोटी सेंकने उनकी छवि को धूमिल करना। भाजपा के प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने छत्तीसगढ़ की जनता की चुनी हुई सरकार को थूक कर बहाने की बात कर जनमत का अपमान किया था भाजपा के दूसरे प्रभारी नितिन नवीन ने छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति लगाने को लेकर अशोभनीय टिप्पणी किया।

## नगर पालिका उप निर्वाचन 16 से भरे जायेंगे नामांकन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों के नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में पार्षदों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 दिसम्बर से नामांकन भरे जायेंगे, मतदान 09 जनवरी को एवं मतगणना 12 जनवरी को होगी।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 12 जिलों के 14 नगरीय निकायों में 15 वार्ड पार्षद के पदों पर उप निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार-पुनरीक्षण के पश्चात 06 दिसम्बर 2022 को अंतिम प्रकाशन कर उप निर्वाचन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के निर्वाचन दलीय आधार पर होंगे। मतदान मतपत्र द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग की मतपेटी से कराया जायेगा। नगर पालिका के ऐसे क्षेत्रों में जहां निर्वाचन संपन्न होना है निर्वाचन की घोषणा की तारीख से निर्वाचन कार्यवाही संपन्न होने तक आदर्श आचरण संहिता लागू रहेगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 20(2) (क), छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 36(2) (क) एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 21 के अनुसार उप निर्वाचन के लिए समयबद्ध कार्यक्रम जारी किया गया। जिसके अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 16 दिसम्बर को प्रातः 10:30 बजे संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जाएगा। स्थानों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तथा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 16 दिसम्बर को ही सवेरे 10.30 बजे किया जाएगा।

## आम जनता से किए वायदे पूरे कर रही सरकार-मुख्यमंत्री

### पिरदा भेंट-मुलाकात में मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से लिया योजनाओं पर फीडबैक



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज भेंट-मुलाकात के तहत विधानसभा बसना के ग्राम पिरदा पहुंचे। वहां उन्होंने ग्रामीणों से रूबरू चर्चा कर राज्य शासन की योजनाओं पर फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार योजनाएं बनाती है। मैदानी स्तर पर इन योजनाओं का लोगों को कितना लाभ मिल रहा है यह देखने मैं आपके बीच आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 दिसम्बर को राज्य सरकार चार साल पूरे कर रही है। हमने आम जनता से जो वायदे किए थे, उन्हें पूरा कर रहे हैं। सबसे पहले किसानों की ऋण माफी की। समर्थन मूल्य और इनपुट सब्सिडी सहित किसानों को धान का 2500 रुपए दे रहे हैं। इस तरह किसानों से किया वादा हमने पूरा किया। घरेलू बिजली बिल भी आधा किया। भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के आग्रह पर क्षेत्र के विकास के लिए अनेक घोषणाएं की। उन्होंने पिरदा में महाविद्यालय के नये भवन निर्माण, ग्राम पिरदा में उप तहसील, ग्राम सांकरा में स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रारंभ करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने इसी क्रम में ग्राम पंचायत सांकरा एवं पिरदा का नगर पंचायत में उन्नयन, नगर पंचायत बसना में गौरव पथ के निर्माण, सांकरा परसावानी मार्ग से रिखा दादर तक सड़क निर्माण, कुडेकेल नाला में नवीन पुल निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भेंट-मुलाकात की शुरूआत की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भेंट-मुलाकात में कहा कि हमारा लक्ष्य लोगों की आय में वृद्धि करना है। राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। जो उद्योग लगाना चाहते हैं, उनके लिए दो करोड़ की लागत से गौठान में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बना रहे हैं। तेलघानी, ईंट बनाने आदि जैसे उद्यमों के लिए उद्यमियों को जगह उपलब्ध करा है, उन्हें बिजली भी आधी दर पर दे रहे हैं। इससे ना सिर्फ उद्यमी को स्व रोजगार मिलेगा बल्कि वह अन्य लोगों को भी रोजगार देने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है, इस योजना में 20 लाख रुपए तक की सहायता दे रहे हैं। हाट बाजार क्लिनिक में मुफ्त में इलाज हो रहा है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल हमने खोले हैं ताकि गरीब वर्ग के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम में मुफ्त शिक्षा प्राप्त कर सकें। भेंट-मुलाकात में केशरपुर निवासी किसान तुकाराम ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनका 01 लाख रुपए का लोन माफ हुआ। बोलेरो गाड़ी खरीदी है।

उन्होंने तुकाराम की उन्नत खेती की तारीफ की। सरईभद्रा निवासी किसान कूसो ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी 80 डिसमिल जमीन है, 15 साल पहले का मामला है। सोसायटी से उन्हें कर्ज माफी का लाभ नहीं मिला।

आर.एन.आई. रजि. क्र. CHHHIN/2021/80529, स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक- शशांक शर्मा द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि., प्रेस कॉम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) 492001 से मुद्रित एवं 29/1110, सेवती स्मृति, आजाद चौक, रायपुर (छ.ग.) 492001 से प्रकाशित। संपादक-शशांक शर्मा, मो. 94255-20531.